बच्चों ने विंटर फेस्टिवल में आनंद लिया

जयपुर, (का.सं.)। पिंकसिटी प्रेस क्लब की ओर से आयोजित विंटर फेस्टिवल का शुभारम्भ रविवार को प्रात: 11 बजे क्लब परिसर में किया गया। इस अवसर पर क्लब परिसर में वेलकम गेट, रंग-बिरंगे गुब्बारों से डेकोरेशन किया। बच्चों ने शूगर कैंडी की मिठास के साथ मिक्की माउस पर मस्ती की। इससे पूर्व क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा, महासचिव रघुवीर जांगिड़, उपाध्यक्ष गिरिराज गुर्जर एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा को माल्यापर्ण कर फेस्टिवल का शुभारम्भ किया।

विंटर फेस्टिवल के पहले दिन बच्चों एवं परिजनों को प्रेस क्लब से परिवहन द्वारा मानसरोवर स्थित सिटी पार्क का भ्रमण करवाया। राजगंगा कार्निवल फेस्टिवल में परिवार एवं बच्चें ने राजस्थानी झूला, ड्रेगन झूला, स्केरी हाउस (भूत बंगला), ब्रेक डांसिंग झुला, ड्रेगन ट्रेन, कोलम्बिया (कश्ती) का एंजॉय किया। बच्चों ने चौपाटी पर स्वादिष्ट व्यंजनों का लुप्त उठाया। सिटी पार्क एवं कार्निवल में बच्चों ने सेल्फी ली। पिंकसिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा, महासचिव रघुवीर जांगिड़, उपाध्यक्ष गिरिराज गुर्जर एवं कार्यकारिणी सदस्य संतोष कुमार शर्मा अनिता शर्मा, नमोनारायण अवस्थी, विकास आर्य ने कवलजीत सिंह का स्वागत एवं सम्मान किया। चौपाटी पर राजस्थान आवासन मण्डल की ओर से उप आवासन आयुक्त विजय अग्रवाल, एक्सईएन जी.सी. अगवा, एईएन बी.एल.मीणा ने प्रेस क्लब प्रबन्ध कार्यकारिणी एवं विजिटर्स का स्वागत किया। पत्रकारों एवं बच्चों के लिए चौपाटी पर व्यजनों की व्यवस्था की गई। वरिष्ठ फोटोजर्नलिस्ट योगेन्द्र गुप्ता ने चौपाटी पर विजिटर्स की फोटोग्राफी की। क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा ने डीबीएम एवं आवासन मण्डल का आभार जताया। बच्चों के भ्रमण के लिए प्रबन्ध कार्यकारिणी सदस्य विजेन्द्र जायसवाल ने कॉर्डिनेट किया।

जानलेवा हमला और फायरिंग करने वाले छह बदमाश गिरफ्तार

पुलिस ने आरोपियों के पास से देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस जब्त किए

जयपुर। राजधानी की मानसरोवर थाना पुलिस ने शनिवार को एक युवक पर जानलेवा हमला और फायरिंग करने वाले छह बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस भी जब्त किया हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपित गिरफ्तार हुए सभी बदमाश जयपुर में अलग-अलग कॉलोनी में रहकर बदमाशी करते हैं। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि मानसरोवर थाना पुलिस ने शनिवार को सेक्टर 42 में रहने वाले एक युवक रोहित शर्मा पर जानलेवा हमला और

- **मानसरोवर इलाके सेक्टर 42 में शनिवार को मोटरसाईकिल लेकर आरोपियों ने पीड़ित से मारपीट के बाद फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया था**

फायरिंग करने वाले आरोपित प्रतीक शर्मा (27) निवासी भुसावर भरतपुर, लोकेश शर्मा (19) निवासी बयाना भरतपुर, कपिल जागिड़ (22) निवासी भुसावर भरतपुर और दीपक अग्रवाल (45) निवासी भुसावर भरतपुर को गिरफ्तार किया है। वहीं घटना में शामिल अन्य बदमाशों की तलाश में पुलिस की टीमें जुटी हुई है। आरोपी जयपुर में कई कॉलोनी में मकान किराए पर लेकर बदमाशी करते हैं। गौरतलब है कि मानसरोवर इलाके में स्थित सेक्टर 42 में रहने वाले रोहित का 14 जनवरी की सुबह कॉलोनी में रहने वाले लोकेश, प्रतीक और ललित के साथ बाइक चलाने की बात को लेकर विवाद हो गया था। यह तीनों युवक कॉलोनी में सब्जी बेचने का काम करते हैं। सुबह कॉलोनी के लोगों ने इन्हें रोक दिया। शाम को जब रोहित अपनी बहन के साथ घर पहुंचा तो वहां पर पहले से मौजूद लोकेश, प्रतीक और ललित ने उन्हें गंदी गालियां देना शुरू कर दिया।

इस दौरान रोहित ने गाली देने से मना किया तो तीनों लड़कों ने पहले उससे मारपीट की फिर अपने दोस्तों को मौके पर बुलाया। मौके पर आए लोकेश के दोस्तों ने रोहित पर तीन राउंड फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि इस दौरान रोहित को कोई गोली नहीं लगी। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम का गठन किया गया। घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरो को चेक करते हुए आरोपियों को चिन्हित कर आरोपियों को धर-दबोचा।

'वैश्य समाज का योगदान महत्वपूर्ण'

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि वैश्य समाज ने अपनी उद्यमशीलता से पूरे देश में अपनी अलग पहचान बनाई है। देश की अर्थव्यवस्था में वैश्य समाज का महत्वपूर्ण योगदान है। आजादी के आंदोलन में जमना लाल बजाज एवं जी.डी. बिरला जैसी अनेक विभूतियों ने महात्मा गांधी के साथ मिलकर कार्य किया। अकाल जैसी प्राकृतिक आपदाओं में वैश्य समाज ने सदैव आगे बढ़कर राहत कार्यों में सहयोग दिया है। मुख्यमंत्री रविवार को जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

जेएलएन मार्ग स्थित त्रिमूर्ति सर्किल से अल्बर्ट हॉल के तरफ के नाले को तोड़ कर दोबारा बनाने का काम चल रहा है। लगभग आधे नाले के उपर बने कवर को पिछले लगभग 15 दिनों से तोड़ रखा है और कार्य की प्रगति कछुआ चाल से हो रही है। आस पास रहने वाले पिछले काफी समय से परेशान हैं।

सत्रह थाना अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू

जयपुर,(कासं)। पुलिस मुख्यालय की ओर से रविवार को संपूर्ण राज्य में रात आठ बजे के बाद अवैध शराब बिक्री के मामले में स्थानीय पुलिसकर्मियों की जाँच के लिए डिकॉय ऑपरेशन किया गया।

इसमें अनियमितता पाए जाने पर 17 थाना अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई शुरू की गई है। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने बताया कि राज्य सरकार ने रात आठ बजे के बाद अधिकृत शराब की दुकानों से शराब विक्रय होने पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देशों दिए थे। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय द्वारा रविवार को डिकॉय ऑपरेशन संचालित किया गया। रविवार को पुलिस मुख्यालय द्वारा जयपुर दक्षिण, डूंगरपुर, उदयपुर, हनुमानगढ़, बीकानेर, सिरोही, पाली, जोधपुर पूर्व व पश्चिम, चूरु और चित्तौड़गड़ में टीम भिजवा कर डिकॉय ऑपरेशन कराया गया। पुलिस मुख्यालय की ऑपरेशन टीम ने चित्तौड़गढ़ के अलावा जयपुर के मानसरोवर, डूंगरपुर के बिछीवाड़ा व सागवाड़ा, उदयपुर के हिरण मगरी, हनुमानगढ़ के टाउन, बीकानेर के जय नारायण व्यास कॉलोनी, कोलगेट व नोखा, सिरोही के शिवगंज व पाली के बैर व जैतारण, जोधपुर पूर्व के रातानाडा, जोधपुर पश्चिम के प्रताप नगर, प्रताप नगर सदर एवं चूरू के कोतवाली व सुजानगढ़ क्षेत्रों में यह ऑपरेशन किया गया था। मिश्रा ने बताया कि चित्तौड़गढ़ जिले में कोई अनियमितता नहीं पाई गई। डीजीपी मिश्रा ने बताया कि इन जिलों में 17 थाना अधिकारियों के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई प्रारंभ की गई है।

धूमधाम से मनाया नंदोत्सव,लूटी खुशियों की उछाल

जयपुर, (का.सं.)। गिर्राज संघ परिवार विश्वकर्मा जयपुर के 24 वें वार्षिकोत्सव पर विद्याधर नगर,सेक्टर-7 स्थित अग्रसेन हॉस्पीटल के पीछे चल रहे श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ में परम श्रद्धेय आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण महाराज ने कहा कि भक्त के भाव को, अपने इष्ट के प्रति भक्त की आस्था को केवल प्रभु ही समझ सकते है, इसीलिए जीव को अपना दुख संसार के सामने नहीं केवल प्रभु के सामने ही प्रकट करना चाहिए। प्रभु पालनहार है, वे शरण में आये भक्त के सारे दुखों को हर लेते है।

आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण महाराज ने कहा कि भगवान का परम भक्त प्रहलाद, जिसे कि पिता हिरण्यकशिपु के द्वारा अति भयंकर कष्ट दिए गए, यहां तक कि प्रहलाद को विष पिलाया गया. हाथी से कुचलवाया गया. अग्नि में जलाया गया। तरह-तरह की यातनाएं दी गई,परन्तु प्रहलाद हर जगह

श्रद्धेय आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण महाराज

अपने प्रभु का ही दर्शन करते थे, इसलिए उन्हें कहीं भी किसी भी प्रकार की पीड़ा का एहसास नहीं हुआ। उन्हें विश्वास था कि हमारे प्रभु सदा-सर्वदा सर्वत्र विराजमान रहते है। तो प्रभु श्रीनृसिंह भगवान भक्त के विश्वास को पूर्ण करते हुए खम्भ से प्रगट होकर यह दिखा दिया कि भक्त की इच्छा एवं विश्वास को पूर्ण करने के लिये वह कहीं भी किसी भी समय प्रगट हो सकते है।

आचार्य ने कहा कि जीव को किसी की ही चर्चा करनी एवं सुननी चाहिए। प्रभु चरित्रों को श्रवण करने से भगवान का चिन्तन करने से की कृपा निश्चित रूप से प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि विशाल पेड़ जिस प्रकार छोटी सी कुल्हाड़ी से कट जाता है उसी प्रकार प्रभु के चरण कमल का स्मरण करने से जीव के सारे पाप कट जाते है। इसके लिये उसे प्रभु की शरण में आना होगा। प्रभु की हर इच्छा, प्रत्येक लीला को प्रसन्नता से स्वीकार करने वाला ही सच्चा भक्त होता है।

कथा प्रसंग में विशेष महोत्सव के रूप में आज श्री कृष्ण जन्म नन्दोत्सव विशेष धूम-धाम से मनाया गया। प्रभु के प्रगट होने पर गोपियाँ बधाई का सामान लेकर आई और व्यासपीठ भागवत् में चढ़ाया। चारों तरफ से यही आवाज गूंज रही थी नन्द के आनन्द भयो जै कन्हैया लाल की। सभी ने बधाई का प्रसाद प्राप्त किया।

अवैध हथियार सहित पांच बदमाश पकड़े

जयपुर। पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत झोटवाड़ा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार लेकर घूम रहे चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक अवैध पिस्टल, दो देशी कट्टा और और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

डीसीपी क्राइम परिस देशमुख ने बताया कि ऑपरेशन आग के तहत सीएसटी ने इलाके में अक्षित शर्मा (19) निवासी रामनाथपुरी झोटवाड़ा, दीपक जाखड़ (23) निवासी सरदारशहर जिला चूरू हाल खिरनी फाटक झोटवाड़ा, रविन्द्र सिंह राठौड़ (21) निवासी कुचामन सिटी जिला नागौर हाल

- **पुलिस ने एक बाल अपचारी को भी निरूद्ध किया**
- **एक अवैध पिस्टल, दो देशी कट्टा और और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए**
- **आरोपियों से अवैध हथियार के नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है**

सुन्दर विहार करधनी और शौर्य प्रताप सिंह चौहान (23) निवासी रामनगर झोटवाड़ा को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया है। आरोपियों के पास से एक अवैध पिस्टल, दो देशी कट्टा और और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए है।

गिरफ्तार आरोपित अक्षित शर्मा अवैध मादक पदार्थ स्मैक सप्लाई करने का काम झोटवाड़ा इलाके में करता है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित रविन्द्र सिंह स्मैक पीने का आदि है। वह भानु पापड़ा के साथ रहता है। बालअपचारी द्वारा यह अवैध हथियार अज्ञात व्यक्ति से करौली से लेकर आना सामने आया है। आरोपित शौर्य प्रताप चौहान ऑनलाईन पार्सल सप्लाई का काम करता है। अवैध हथियार इटावा, उत्तर प्रदेश के अज्ञात व्यक्ति से लेकर आना स्वीकार किया है। गिरफ्तार आरोपी हथियार को जयपुर शहर मे बेचने की फिराक घूम रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों से अवैध हथियार के नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

कर्म हमारे अच्छे है तो दुनिया उतारेगी आरती : आचार्य सुनील सागर

जयपुर, (का.सं.)। दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मन्दिर संघीजी सांगानेर में आचार्य सुनीलसागरजी महाराज ने मांगलिक प्रवचनों में कहा कि हमारे तन रूपी रथ का सारथी मन को बना लो तो संसार में हमारी जीत निश्चित है।

जैसे महाभारत में अर्जुन रूपि तन के कृष्ण रूपी मन सारथी था तो जीत अर्जुन की हुई। हमें तन की सेवा के साथ-साथ मन की सेवा भी करनी चाहिये। आपकी साधना जितनी कठिन होगी उतना ही ज्यादा चमकोगे। जीवन जीने की सही दिशा का उपदेश देते हुए आचार्य ने कहा कि जीवन में पांच बातों का ध्यान रखो - उत्साह पूर्वक कार्य करना, प्रवाह पूर्वक क्रमिक गति को बनाये रखना, अपने से ज्यादा समझदार लोगों से सलाह लेना, सुराह पर चलना, अवसरों को समझना। सुधासागर बालिका छात्रावास की बालिकाओं को सम्बोधित करते हुये आचार्य ने कहा कि हमें उक्त पांचों नियमों का पालन करते हुये ही अध्ययन करना चाहिये तो हम अच्छे अंकों से सफलता हासिल करेंगें और यदि हम इन पंचमंत्रों के द्वारा जीवन निर्वाह करेंगे। तो सफलता हमे निश्चित रूप से मिलेगी और हमारा

दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मन्दिर संघीजी सांगानेर में आचार्य सुनीलसागरजी महाराज का पद प्रक्षालन किया।

कल्याण हो जायेगा। हमें दूसरे की गलतियों से भी सीख लेनी चाहिये जो हमारे जीवन के लिये बहुत ही महत्वपूर्ण है।

इससे पूर्व आर्यिका सुदृढमती माताजी ने अपने ओसज्वी वाणी में बालिका छात्रावास की बालिकाओं को सन्देष देते हुये कहा कि छोटी-छोटी बातों पर रोना नही चाहिये बल्कि हमें मजबूत होना चाहिये, परिस्थियां हमें मजबूत बनाती है। घर से आई हुई मिठाईयों को बांट कर खाना चाहिये उससे आपस में प्रेम बनता है, ईष्या और द्वेष खत्म होते है। बांटकर खाना भी गुणवान व्यक्ति की पहचान है। हमें कांच की तरह नही कनक की तरह बनना है। क्योंकि कांच पर थोडी मारोगे तो टूट जायेगा और कनक (सोना) पर हथौडी मारोगे तो वह चमक जायेगा।

जगन्नाथ पहाड़िया की जयन्ती पर पुष्पाजंलि दी

जयपुर, (का.सं.)। आज 15 जनवरी 2023 को जगन्नाथ पहाड़िया की 90वीं जयन्ती पर आज डॉ. बी.आर अम्बेडकर जयन्ती समारोह समिति द्वारा उनको पुष्पाजंलि अर्पित की गई। इस पुष्पाजंलि आयोजन में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर जयन्ती समारोह समिति के अध्यक्ष पूर्व आईएएस एल.सी. असवाल ने पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि पहाडिया हमेशा गरीब कल्याण, गरीब उत्थान एवं महिला अधिकारों के साथ में उनके बराबर का दर्जा देने की बात करते थे।असवाल ने कहा कि पहाड़िया वास्तव में गांधीवाद के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने जीवन में खादी के अलावा कोई वस्त्र धारण नहीं किया और अधीवस्त्र खादी के ही पहनते थे और खुद ही अपने वस्त्र धोते थे, शराब से बहुत घ्रणा करते थे यही नहीं महिलाओं को बराबरी का दर्जा एवं शिक्षा के लिए हमेशा प्रर्यत्नशील रहते रहे। समिति द्वारा आज यह तय किया गया है कि इसी महिने से महिला सम्मान एवं महिला संवाद का आयोजन किया जाएगा जो परिक्षेत्र के लिए मौहल्ला समितियों की प्रमुखों के माध्यम से आयोजित होगा। समिति की महिला अध्यक्ष संतोष इन मौहल्ला समितियों का नेतृत्व करेंगी, कमेटी की प्रमुख 305 प्रथम चरण में महिला प्रोग्राम आयोजित होंगी, इनका संचालन प्रभावी तरीके से महिला अध्यक्ष संतोष करवायेगी।

ब्राह्मण समाज राजस्थान का यज्ञोपवित संस्कार 8 को

ब्राह्मण समाज राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अंबिकाप्रकाश पाठक ने सीकर रोड स्थित प्रधान कार्यालय पर पदाधिकारियों की बैठक ली।

जयपुर, (का.सं.)। ब्राह्मण समाज राजस्थान जयपुर जिला देहात की ओर से यज्ञोपवित संस्कार कार्यक्रम 8 फरवरी को कागलिया वाले बालाजी, मोरीजा रोड, चौमूं पर आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रविवार को प्रदेशाध्यक्ष अंबिकाप्रकाश पाठक ने सीकर रोड स्थित प्रधान कार्यालय पर पदाधिकारियों की बैठक ली और संचालन कमेटियों का गठन किया।पाठक ने बताया कि ब्राह्मण समाज राजस्थान की ओर से हर वर्ष की भांति समाज के बच्चों के लिए जनेरू संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। ब्राह्मण बालकों का 8 वर्ष की उम्र में यज्ञोपवीत संस्कार करवाना चाहिए जिससे उनका बौद्धिक शैक्षिणक व शारीरिक विकास के लिए अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इसे उपनयन संस्कार भी कहा जाता है और हिंदू धर्म के 24 संस्कारों में यह सबसे प्रमुख संस्कार है। ब्राह्मण समाज के बालकों को वेद वेदांग का ज्ञान देने के लिए शुरू की गई मुहीम के तहत यह कार्यक्रम किया जा रहा है और इसके लिए पिछले माह से सघन जनसंपर्क अभियान भी चलाया गया है। प्रदेशाध्यक्ष पाठक ने कहा कि कार्यक्रम के लिए जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवारी को संयोजक और बनवारीलाल शर्मा को सह संयोजक नियुक्त किया गया है। बैठक में प्रदेश महामंत्री दामोदर प्रसाद शर्मा, संगठन मंत्री जमुना लाल शर्मा, प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष डॉ शारदा शर्मा, विधि मंत्री एडवोकेट सुषमा पारीक, प्रदेश उपाध्यक्ष शशिकांत शर्मा, सनत कुमार गौतम, निरंजन लाल शर्मा, हरीश चंद्र शर्मा, गोवर्धनलाल शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सार-समाचार

पतंगबाजी से घायल 913 पक्षियों का इलाज

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान जन मंच पक्षी चिकित्सालय प्राकृत भारती मालवीय नगर जयपुर द्वारा जयपुर के अलग-अलग क्षेत्रों में 49 घायल पक्षी सहायता केंद्र स्थापित कर 913 घायल पक्षियों का उपचार किया गया। पक्षियों में ज्यादातर कबूतर घायल हो रहे हैं। इनमें से 427 पक्षियों को तुरंत उपचार के बाद उड़ा दिया। संस्था के पदाधिकारी रवि खत्री ने बताया कि बेजुबान पक्षियों के इलाज के लिए मकर संक्रांति पर सभी कैंपों में वालंटियर और कार्यकर्ताओं ने 13,14 और 15 जनवरी को बेजुबानों की जिंदगी बचाने में लगे रहे। राजधानी के चांदपोल, बड़ी चौपड़, विद्याधर नगर, जगतपुरा, सांगानेर, त्रिवेणी चौराहा, राजा पार्क, मालवीय नगर, मुरलीपुरा, सोडाला आदि स्थानों पर यह तीन दिवसीय कैंप आयोजित किया गया। रवि खत्री ने बताया कि एंबुलेंस के माध्यम से पतंगबाजी से घायल पक्षियों को एकत्र किया गया । यह पूरा अभियान पक्षी चिकित्सालय के संस्थापक कमल लोचन के नेतृत्व में आयोजित हुआ। राजस्थान जन मंच ट्रस्ट पक्षी चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक एवं पदाधिकारी गण डॉ. अनिल, डॉ. मनोज, डॉ. पुरुषोत्तम के नेतृत्व में 150 चिकित्सा स्टाफ व वॉलिंटियर ने अपनी सेवाएं प्रदान की । माइक्रो चिकित्सा ,आश्रय के लिए अधिक घायल पक्षियों को संस्था के स्थाई पक्षी चिकित्सालय में भर्ती किया गया। जिन्हें स्वस्थ होने पर उड़ाया जाएगा। राजस्थान जन मंच पक्षी चिकित्सालय मालवीय नगर स्थित यह चिकित्सालय निरंतर अपनी सेवाएं दे रहा है। तीन दिवसीय कैंप के बाद भी पक्षी चिकित्सालय में सेवाएं यथावत रहेगी।

शातिर वाहन चोर मेवात से दबोचा

जयपुर। राजधानी की हरमाड़ा थाना पुलिस ने ट्रक चोरी करने वाले एक शातिर बदमाश को मेवात से गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।डीसीपी वेस्ट वंदिता राणा ने बताया कि हरमाड़ा थाना पुलिस ने ट्रक चोरी करने वाले एक शातिर बदमाश साहिब (30) निवासी बिछोर जिला नूह हरियाणा को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर ट्रक चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस आरोपी से वारदात में अन्य बदमाशों के बारे में पूछताछ की जा रही है। गौरतलब है कि आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर 13 दिसम्बर को हरमाड़ा इलाके में स्थित माचड़ा में खड़े ट्रक को चोरी कर ले गया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों द्वारा उपयोग में लिए जाने वाले रास्ते को चिन्हित कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले। रूट चार्ट तैयार करते हुए तकनीकी सहायता के आधार पर संदिग्धों निगरानी रखी गई। इस पर पुलिस टीम को मेवात क्षेत्र के नूह जिले के पल्ला गांव में चोरी हुए ट्रक की जानकारी मिली। जिसके आधार पर टीम ने पल्ला गांव में अचानक दबिश दी। इस दौरान आरोपित घर से निकलकर पहाड़ियों की तरफ भागने लगे। जिसको टीम ने पीछा कर पकड़ लिया। तभी वहां पर आसपास के लोगों ने इसका विरोध किया तथा पुलिस टीम के दो पुलिसकर्मियों को ग्रामवासियो ने घेर लिया। लेकिन टीम ने सूझबूझ व साहस से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

चोरी के माल सहित पांच बदमाश पकड़े

जयपुर। राजधानी की शास्त्री नगर थाना पुलिस ने चोरी करने वाले अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी का माल बरामद किया है। फिलहाल उनसे पूछताछ की जा रही है। डीसीपी नोर्थ परिस देशमुख ने बताया कि शास्त्री नगर थाना पुलिस ने चोरी करने वाले अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नवल कुमार शर्मा निवासी राजगढ़ जिला चूरू हाल खानाबदोश खासाकोठी, विनोद लांबा निवासी बगड़ जिला झुंझुनू हाल निवारू लिंक रोड करधनी, शंकर सैनी निवासी अलवर और नरूल निवासी पश्चिमी बंगाल हाल शास्त्रीनगर को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया है। जिनके पास से चुराया गया माल बरामद किया गया है। सभी आरोपियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

युवती से दुष्कर्म किया

जयपुर। राजधानी के प्रताप नगर इलाके में एक युवती से दुष्कर्म के बाद ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी 21 वर्षीया युवती ने रिपोर्ट दी है, जिसका आरोप है कि पड़ौसी युवक ने डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने घटना की वीडियो बना ली। अब वह ब्लैकमेल कर देहशोषण कर रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

महिला का मोबाइल छीना

जयपुर। सोडाला इलाके में बाइक सवार बदमाश एक महिला का मोबाइल छीन ले गए। पुलिस ने बताया बाइस गोदाम, सोडाला निवासी संतोष देवी 14 जनवरी की शाम करीब 7 बजे राम मंदिर के पास से घर की तरफ जा रही थी। इस दौरान बाइक सवार बदमाश हाथ पर झपट्टा मार मोबाइल छीन ले गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

होटल में किशोरी से दुष्कर्म

जयपुर। जवाहर नगर इलाके में स्थित एक होटल में किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी व्यक्ति ने रिपोर्ट दी है कि 13 जनवरी की शाम पड़ौसी गणेश उसकी 16 वर्षीया बेटी को बहला फुसला कर मामा की होटल के पास रीगल होटल में ले गया, जहां कमरे में उससे दुष्कर्म किया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

जयपुर। शास्त्रीनगर थाना पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया है। पुलिस ने बताया गिरफ्तार आरोपित तरुण कुमार सैन (20) राणा कॉलोनी, नाहरी का नाका, शास्त्रीनगर का रहने वाला है। आरोपित नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार था, जिसे मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। यहां से उसे जेल भेज दिया गया।